मंदसौर निवासी इनामी तस्कर को पकड़ा

इंदौर : नारकोटिक्स विंग ने मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त में शामिल तस्कर को पकड़ा है। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार आरोपित लादिन उर्फ लादेन पुत्र मुस्तफा खान निवासी मंदसौर है। पुलिस लादेन के साथी रेहान को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।

होली व रमजान पर्व भाईचारे एवं सौहार्दपूर्वक मनाएं

चर्चा ● त्योहारों को लेकर थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने किया अनुरोध

नईदुनिया न्यूज, हाटपीपल्या : त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में एसडीओपी सृष्टि भार्गव, तहसीलदार सोनम भगत, थाना प्रभारी दीपक यादव, पटवारी दिनेश कारपेंटर की मौजूदगी में हुई। आगामी त्योहार नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्वक मनाने का अनुरोध किया गया। शांति समिति के सदस्य आशीष व्यास ने बताया होली पर्व दो मार्च को है लेकिन तीन मार्च को ग्रहण होने के कारण होली दहन चार मार्च को हो सकती है।

उज्जैन में विद्वानों की बैठक के बाद होली दहन निश्चित होगा। होली पर्व एवं रमजान पर्व दोनों साथ में मनाया जायेगा।

रमजान पर्व को लेकर पार्षद हारुन मंसूरी ने बताया सुबह पांच बजे एवं शाम को सात बजे मस्जिद में नमाज अदा की जाती है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सेंधव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संतोष गोठी, अभिभाषक रमेशचंद्र जायसवाल, छगनलाल मिस्त्री, जगदीश यादव, एहसान मंसूरी, सुरेन्द्र सिंह शक्तावत, रमेश संदुकलिया, पूर्व सरपंच मुबारिक मंसूरी मानकुंड एवं अरलावदा के साथ ही नगर के शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

हाटपीपल्या में शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग। ● नईदुनिया

पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला : होली पर्व एवं रमजान पर्व दोनों एक साथ में आने के करण नगर में शांति बनाए रखने के उद्देश्य को लेकर एसडीओपी सृष्टि भार्गव, तहसीलदार सोनम भगत, थाना प्रभारी दीपक यादव ने बल के साथ थाना परिसर से लेकर देवगढ़ चौराहे तक फ़्लैग मार्च निकाला।

- बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना था
- लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप करें

परीक्षाओं के दौर में विद्यार्थियों के लिए शांत वातावरण अत्यंत आवश्यक

कमलापुर : थाना परिसर में नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों आदि की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना तथा आगामी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर समन्वय स्थापित करना रहा। थाना प्रभारी मीणा ने कहा दसवीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। शुक्रवार से पांचवी और आठवीं की भी परीक्षा प्रारंभ होने जा रही है। ऐसे संवेदनशील समय में विद्यार्थियों के लिए शांत वातावरण अत्यंत आवश्यक है उन्होंने विशेष रूप से विवाह समारोह में और अन्य आयोजनों में डीजे, लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारित यंत्रों का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप करने की अपील की ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

कमलापुर में शांति समिति की बैठक को संबोधित करते अभिभाषक चौधरी। ● नईदुनिया

उन्होंने कहा कि प्रशासन विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर गंभीर है और यदि नियमों का उल्लंघन कर अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण किया गया तो नियम अनुसार कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में होली, धुलेंडी, शीतला सप्तमी एवं रमजान को लेकर भी चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने कहा पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें और इंटरनेट मीडिया पर अपुष्ट संदेशों को आगे ना बढ़ाएं। बैठक में अधिवक्ता प्रवीण चौधरी, आशिक कामदार, श्यामसिंह राजपूत, गिरधर परमार, कल्लन खां पठान, हैदर शाह, राजेश बेनीवाल, मनोज कानूनगो आदि मौजूद रहे।

भारतीय कपास निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
"कपास भवन", 27 ए, रेसकोर्स रोड, इंदौर-452003 (म.प्र.)
दूरभाष: 2434136, 2547877, फैक्स: 0731-2530523, मेल: indore@cotcorp.com
वेबसाईट: www.cotcorp.org.in, Ministry Website: www.ministryoftextiles.gov.in

क्रमांक/भाकनि/मप्र/विपणन क्रय/2025-26 दिनांक 09.02.2026

सूचना

मध्य प्रदेश राज्य के समस्त कपास किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि वर्तमान फसल वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के अंतर्गत कपास की खरीदी की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

अतः सभी कपास किसान भाई जो Kapas Kisaan App पर पंजीकृत हैं, उनसे अनुरोध है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य दरों का लाभ उठाने हेतु शीघ्र ही ऐप के माध्यम से स्लॉट बुक कर नज़दीकी CCI खरीद केंद्र पर अपना कपास दिनांक 27.02.2026 तक विक्रय कर सकते है।

अधिक जानकारी हेतु कृपया शाखा कार्यालय इंदौर के WhatsApp हेल्पलाईन नंबर 8269023626 पर संपर्क करें।

शाखा प्रमुख

M.P. PASCHIM KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.
(Government of M.P. Undertaking)
Office of The Executive Engineer (STC) Khandwa, Phone No.: 0732-2248124
E-mail: - eestcknw@gmail.com, CIN No. U40109MP2002SGC015121E
No.EE/STC/PUR/2025-26/2110 Khandwa, Dated : 18.02.2026

NOTICE INVITING TENDERS

Online tenders are invited for erection and minor Procurement of material under semi turnkey basis of following Work. The sealed bids will be received online on the e-portal **https://mptenders.gov.in** up to date & time indicated below. The online tenders will be opened in the office of the undersigned as mentioned in tender time schedule(key date). Ifdesired, the bidder or their duly authorized representatives may remain present at the time of opening of tender: -

TS No.	Particulars	Unit	Qty.	NIT Amount in Rs.Lac	EMD (In Rs.)	Tender Fee (In Rs.)	Due date of opening Tender from 15:00 Hrs.
EE/STC/ WORK/2025-26/TS-522/2106 DT. 18.02.26	WORK OF INSTALLATION OF 1X5 MVA NEW SUB- STATION AT VILLAGE- SANDASKALA UNDER SAROLA DC UNDER BURHANPUR O&M DN. ESTIMATE NUMBER :- 471788	No	1	21.38	21380/-	1,000/-	27.02.2026

NOTE :
1. Pre-Bid Meeting will be held at O/o EE(STC)Anand Nagar Khandwa on 23.02.2026 from 3:00 PM Onwards. For all key dates, terms and conditions please check online e-tender portal.
2. All the participating firms situated outside the state of Madhya Pradesh are required to mandatorily pay the tender fee as well as EMD. Please refer the tender/NIT clauses for details in this regard. EMD must be deposited online only, EMD in form of demand draft shall not be acceptable.

M.P. Madhyam/124534/2026 EXECUTIVE ENGINEER (STC)

OFFICE OF FIRE SERVICES
LAXMIBAI NAGAR, KILA MAIDAN , INDORE, M.P.
TELEPHONE NUMBERS: 0731-2610155, 101

No.: 239/fire store/indore **E-TENDER NOTICE** Dated: 11-02-2026

TENDERS ARE INVITED BY CHIEF SUPERINTENDENT FIRE SERVICES, LAXMI BAI NAGAR, KILA MAIDAN, INDORE (website:- https://mptenders.gov.in) FOR THE FOLLOWING ITEMS:

S. No	Equipment Name	Quantity	E-TENDER FEES ₹	EMD ₹	Tender No.
			Paid online through mp tenders mptenders.gov.in		
1	HIGH PRESSURE BREATHING AIR COMPRESSOR (300 LPM WITH BUILT IN CONTROL PANEL	03 NOS	2000/-	18000/-	1st Tender
2	DRONE MOBILE FIRE SAFETY SURVEILLANCE UNIT	02 NOS	2000/-	36000/-	
3	LOW PRESSURE PORTABLE (BACKPACK) 09 LTR. WATER MIST WITH COMPRESSED AIR FOAM SYSTEM	08 NOS	2000/-	18000/-	
4	DCP (ABC) TYPE FIRE EXTINGUISHER (STORED PRESSURE)- 06 KG. CAPACITY	50 NOS	1000/-	2250/-	
5	CO2 TYPE FIRE EXTINGUISHER - 4.5 KG. CAPACITY	20 NOS	1000/-	2250/-	
6	AQUEOUS FILM FORMING FOAM (AFFF) 6%	8000 LITER	2000/-	57600/-	
7	FIRE DANGRI (WORKING)	85 NOS	1000/-	11475/-	
8	GUMBOOT	85 NOS	1000/-	2550/-	
9	FIRE HELMET	85 NOS	1000/-	4080/-	
10	ALUMINIZED FIRE ENTRY SUITS	03 NOS	2000/-	36000/-	
11	RRL FIRE HOSES 15 MTR IS : 636 TYPE - B-WITH COUPLING	100 NOS	2000/-	24000/-	

A	Cost of tender document (Tender fee) is non-refundable and cannot be exempted in any condition. Tender fee should be deposited online on the MP Tenders website
B	The tender should be submitted online on MP Tenders website https://mptenders.gov.in in favour of Chief Superintendent Fire Services, Laxmi Bai Nagar, Kila Maidan, Indore within scheduled date and time.
C	EMD should be deposited online through the website or deposited in the form of BG issued by any Indian Nationalized / Scheduled Commercial Bank at this office before bid opening or can be paid online.
	Scheduled.

S.No.	Tender Activity	Date & Time
1	Bid Document Download / Sale Start Date	11-02-2026 at 11.00 AM
2	Bid Submission Start Date	11-02-2026 at 11.00 AM
3	Bid Submission End Date	04-03-2026 at 11.00 AM
4	Financial Bid Opening Date	To be declared later.

गठित समिती द्वारा अनुमोदित

Store Incharge Indore
Fire Services
Laxmi Bai Nagar, Kila Maidan, Indore

जटाशंकर तीर्थ पर शिवशक्ति महायज्ञ एवं मेले में हुआ आयोजन

भजनों की प्रस्तुति पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता, लगाए महाकाल के जयकारे

जटाशंकर तीर्थ पर भजनों की प्रस्तुति देते गायक बागवान। ● नईदुनिया

नईदुनिया न्यूज, बागली : जटाशंकर तीर्थ पर आयोजित 61वें शिवशक्ति महायज्ञ एवं मेले में म्हारा उज्जैन रा महाराजा ने खम्मा रे खम्मा के फेम गायक नितिन बागवान ने भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शुभारंभ जटाशंकर तीर्थ महंत संत बब्रीदास महाराज, पं. कनिष्क द्विवेदी व पातालपुरी बाबा के साथ क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा ने भगवान जटाशंकर महादेव एवं तीर्थ के संस्थापक ब्रह्मलीन संत केशवदास त्यागी महाराज (फलाहारी बाबा) के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

भजन गायक भगवान ने गणेश वंदना के साथ अपना प्रसिद्ध भजन म्हारा उज्जैन रा महाराजा ने खम्मा रे खम्मा, छोटा छोटा सेठा ने मोटा सेठ बनावे, दीवाना हूं महाकाल का, उज्जैन के सरकार का भोले बाबा मेरे हैं, मैं बेटा हूं महाकाल का, आनंद उमंग भयो, आए महाकाल, दरबार तेरे आऊंगा तेरी भक्ति में रम जाऊंगा आदि शिव भजनों की प्रस्तुतियां दी। क्षेत्र में संस्कृति विभाग द्वारा इस प्रकार का आयोजन पहली बार किया गया था। कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह था। आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। भजन संध्या में महिलाओं की भी ऐतिहासिक उपस्थिति रही। रात आठ बजे से प्रारंभ हुई भजन संध्या का समापन देर रात तीर्थ के संस्थापक फलाहारी बाबा को समर्पित गुरु भजन की प्रस्तुति से किया गया। आभार नवीन तंवर ने माना।

गर्भ संस्कार परंपरा को बढ़ाएंगे आगे चलाएंगे सामाजिक गतिविधियां

कार्यक्रम में सामाजिक एकता की शपथ लेते हुए पदाधिकारी। ● नईदुनिया

नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास: विश्व ब्राह्मण समाज की जिला इकाई का गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र महंत की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष डिंपल शर्मा एवं संभागीय सहसंयोजिका अर्चना भारद्वाज एवं राष्ट्रीय समन्वयक अर्पणा जोशी, राष्ट्रीय संयोजिका सावित्री महंत विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर जिला इकाई के विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। गठित कार्यकारिणी में वरिष्ठ संरक्षक के रूप में रेखा शर्मा, जिला अध्यक्ष के रूप में गायत्री भटेले को दायित्व सौंपा गया। उपाध्यक्ष पद पर नेहा तिवारी का चयन किया गया। सचिव पद पर रोशनी दुबे तथा सह सचिव पद पर रश्मि व्यास एवं टीना साधु को जिम्मेदारी दी गई।

जिला मंत्री के रूप में नम्रता दीक्षित, जिला महामंत्री के रूप में अपर्णा जोशी एवं किरण वाधवानी, तथा संगठन मंत्री के रूप में निहारिका शर्मा एवं सह संगठन मंत्री के रूप में पायल एवं प्रज्ञा मिश्रा का चयन किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर रिचा दुबे तथा सह कोषाध्यक्ष पद सपना पाठक को दायित्व सौंपा गया। चिकित्सा प्रभारी की जिम्मेदारी डा. शिखा भटेले को दी गई। सनातन प्रकोष्ठ का दायित्व सुशील भटेले एवं रितु मिश्रा को सौंपा गया।

शिक्षा प्रभारी के रूप में वर्षा दुबे को दायित्व सौंपा। मुख्य प्रवक्ता में ज्योति चौरे का चयन किया गया। सदस्य के रूप में स्वाति दवे, पुष्पा जोशी, रोहिता पुरोहित, प्रमिला शर्मा एवं रश्मि शर्मा को शामिल किया गया। जिला अध्यक्ष गायत्री भटेले ने बताया कि विश्व ब्राह्मण समाज संघ महिलाओं एवं बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक उत्थान के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेगा। प्राचीन काल से चली आ रही गर्भ संस्कार परंपरा को भी आगे बढ़ाया जाएगा। ब्लाक स्तर पर इकाइयों का गठन कर व्यापक स्तर पर सामाजिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

बजट में राजोदा-धाराजी मार्ग के शामिल होने से मिलेगी सुविधा

नईदुनिया न्यूज, पीपरी : मैया नर्मदा के तट धारा जी घाट से पीपरी तक एवं पीपरी से राजोदा तक मार्ग निर्माण की स्वीकृति बजट में आने से क्षेत्रीय श्रद्धालु भक्तों में हर्ष व्याप्त है। वर्तमान में पीपरी से धारा जी तक का मार्ग बदहाल होने से आवागमन परेशानियों से भरा है। यात्रियों व वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष में लगभग 25 से 30 पर्वों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां नर्मदा के तट पर स्नान, दान, पूजन के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा प्रति रविवार को बाहरी भक्तों की आवाजाही बनी रहती है। विशेष कर श्रावण मास में पूरे माह कावड़ यात्रियों का आवागमन रहता है, मार्ग बदहाल होने से आवागमन परेशानी वाला रहता है। कावड़ यात्रा संघ के प्रमुख प्रदीप मेहता, गिरधर गुप्ता, संतोष जैन, नाथू सिंह सेंधव, संतोष निगम, मूलचंद पटेल, प्रभुलाल पाटीदार, जितेंद्र पटेल, अशोक शर्मा, गोलू गुप्ता, सन्नी मेहता एवं कावड़ यात्रियों ने इस मार्ग की स्वीकृति बजट में आने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। साथ ही धारा जी से पीपरी तक का कार्य सर्वप्रथम प्रारंभ करने की मांग की है। करीब 29 वर्षों से बदहाल रास्ते से निकलने वाले लोगों व कावड़ यात्रियों को अब राहत मिलेगी। पीपरी से धाराजी डबल रोड बनने से रोजगार के अवसर भी बढ़ने की उम्मीद है।

पांचवीं, आठवीं की परीक्षा आज से

शाजापुर: कक्षा पांचवीं की बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक और कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से लेकर 28 फरवरी के बीच आयोजित होंगी। परीक्षा का समय दो से शाम साढ़े चार बजे तक रहेगा।

नौकरी के पीछे भागने से बेहतर है स्वरोजगार

नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास: पीएम कालेज आफ एक्सीलेंस लीड केपी कालेज में उद्यमिता विकास पर कार्यशाला हुई।

वक्ता के रूप में उपस्थित सेडमैप के जिला समन्वयक प्रकाश तिलक, डीआइसी के जनरल मैनेजर आरएस डाबर एवं उद्यमी कल्पना श्रीवास्तव उपास्थित रहे। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. आरएस अनारे, प्रकोष्ठ प्रभारी डा. बीएस जाधव एवं प्लेसमेंट एवं ट्रेनिंग आफिसर डा. मनोज मालवीय ने मंच साझा किया। डा. मनोज मालवीय ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा दी। मुख्य वक्ता प्रकाश तिलक ने विद्यार्थियों को बताया कि स्वरोजगार वर्तमान परिप्रेक्ष्य में किस प्रकार नौकरियों के पीछे भागने से कई गुना बेहतर विकल्प है। द्वितीय सत्र में आरएस डावर ने स्वरोजगार व उद्यम स्थापित करने हेतु शासकीय योजनाएं बैक ऋण व सेटअप लगाने में आने वाली चुनौतियों व उनके निराकरण के रास्ते बताए।

- पीएम कालेज आफ एक्सीलेंस लीड केपी कालेज में कार्यशाला
- प्रश्न पूछकर व विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए

अंतिम व तृतीय सत्र में उद्यमी कल्पना श्रीवास्तव ने अपने उद्यमी बनने के अनुभव विद्यार्थियों के साथ बांटे व उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम को रोचक बनाने में प्लेसमेंट आफिसर डा. मालवीय ने विद्यार्थियों से विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर व विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन समिति की डा. प्रीति मालवीय, डा. शशि सोलंकी, डा. ललिता गोरे, डा. जान प्रीतेश, दीपक अटारिया, डा. प्रतिमा रायकवार आदि का विशेष सहयोग रहा। संचालन डा. मनोज मालवीय ने किया। आभार डा. बीएस जाधव ने माना।

पुण्यतिथि
20 फरवरी 2026
स्व. श्री चन्द्रशेखर पंड्या
भूतपूर्व तहसीलदार धार की
28वीं पुण्यतिथि पर
अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
श्रद्धावनत: पंड्या परिवार धार-नीमच-इंदौर

निजी

उठावना
अत्यंत दुख के साथ सुचित किया जाता है कि मेरे पति एवं आशीष के पूज्य पिताजी, पारस, पंकज, आलोक के काकाजी
श्री धीरेन्द्र चंदनलालजी बोबरा
का अरिहंत शरण 18 फरवरी को हो गया। उठावना शुक्रवार, 20 फरवरी को प्रातः 10 बजे जवेरी बाग नसिया सरवटे बस स्टेंड के पास रखा गया है।
शोकाकुल - चन्द्रकांता बोबरा व समस्त बोबरा परिवार
फर्म- ऑटो स्पेयर्स (इंडिया), पुनीत इंटरप्राईजेस, इन्दौर
9425059427, 9425063427

शवयात्रा और शोकसभा के दौरान मोबाइल साइलेंट मोड पर रखें।

नईदुनिया शोक संदेश विज्ञापन दरें

विज्ञापन साइज	इंदौर ट्राय सिटी	ग्रेटर इंदौर
रनिंग (30 शब्द)	₹800	₹2000
6x4 निजी	₹2500	₹3000
4x8	₹6000	₹7000
8x8	₹8500	₹12000
15x12	₹22000	₹30000
12x20	₹35000	₹40000
16x25	₹60000	₹75000
अन्य साइज (प्रति स्क्वे. सेमी.)	₹160	₹200

*जीएसटी अतिरिक्त,
निजी रनिंग में 30 शब्द के बाद में 10 रु प्रति शब्द, 100 रु. प्रति फर्म, 100 रु. प्रति मोबाइल/फोन नंबर अतिरिक्त देय

नोट: निजी की बुकिंग हेतु पहचान-पत्र साथ में लाना आवश्यक है। नियम व शर्तें लागू, सभी अधिकार नईदुनिया के पास सुरक्षित हैं, उपरोक्त दरें किसी भी समय बदली जा सकती हैं।

बुकिंग हेतु संपर्क करें
5वीं मंजिल, विक्रम अरबेन, 25-ए, स्कीम नंबर 54, इन्दौर
0731-4711114
0731-4711115

Bank of India रिश्तों की जमापूंजी Relationship beyond banking

आंचलिक कार्यालय : स्टार हाउस, प्लॉट 9-आरसी, स्कीम नं. 134, एम.आर.-10, स्टार चौराहे के पास, इन्दौर - 452010, फोन 2445122-117-147

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

ई-नीलामी विक्रय सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

आल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाले/जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल संपत्ति जो **प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया)** के पास गिरवी / प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है ,जैसा है और जो कुछ भी है''** के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदारों से बैंक ऑफ इंड़िया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु **दिनांक 25.03.2026** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य अग्रिम धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमश: दी गई है।

ई-नीलामी दिनांक 25.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक

शाखा का नाम (1)	ऋणी / जमानतदार का नाम (2)	संपत्ती का विवरण व स्वामी का नाम (3)	मांग सूचना 13(2) के तहत मांग नोटिस दिनांक व बकाया राशि (4)	आधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5)	आरक्षित राशि (रू.) (6)	ईएमडी (7)
शाखा : एआरबी	**मेसर्स मनीष इंडस्ट्रीज,** **प्रोप:- श्री भगवान गोयल पिता अनंत नारायण गोयल** **पता 1:-** शेड नंबर 09, औद्योगिक क्षेत्र उज्जैन रोड, जिला:- देवास म.प्र. (455001), **पता 2:-** 21 विवेक नगर, राधागंज जिला:- देवास म.प्र. (455001) **श्री भगवान गोयल पिता अनंत नारायण गोयल (प्रोपराईटर)** **पता:-** 21 विवेक नगर, राधागंज जिला:- देवास म.प्र.(455001) **मेसर्स अनंत नारायण पन्नालाल:- प्रोप श्री रोमित गोयल (जमानतदार)** **पता:** प्लॉट नंबर 19, केयूएम प्रांगण नंबर 2, जिला:- देवास म.प्र. (455001) **श्री रोमित गोयल पिता भगवान गोयल (जमानतदार)** **पता:-** 21 विवेक नगर, राधागंज जिला:- देवास म.प्र. (455001)	प्रॉपर्टी 1: लीजहोल्ड प्लॉट नंबर 19, केयूएम प्रांगण नंबर 2 देवास, **संपत्ति मालिक:** फर्म मेसर्स अनंत नारायण पन्नालाल; प्रोपराइटर रोमित भगवानदास गोयल, क्षेत्रफल 54.00 वर्ग मीटर, **प्रॉपर्टी की चतुर्सीमा: पूर्व:** प्राधिकरण की भूमि, **पश्चिम:** रोड, **उत्तर:** प्लॉट नंबर 20, **दक्षिण:** प्लॉट नंबर 18	31.05.2024 ₹1,84,04,359.00 + ब्याज एवं अन्य खर्च	22.08.2024 सांकेतिक	₹ 25.50 Lacs	₹ 2.55 Lacs
		प्रॉपर्टी 2: लीजहोल्ड प्लॉट नंबर 20, केयूएम प्रांगण नंबर 2 देवास, **संपत्ति मालिक:** फर्म मेसर्स मनीष इंडस्ट्रीज; प्रोपराईटर भगवानदास अनंत नारायण गोयल, क्षेत्रफल 54.00 वर्ग मीटर, **प्रॉपर्टी की चतुर्सीमा: पूर्व:** प्राधिकरण की भूमि, **पश्चिम:** रोड, **उत्तर:** प्राधिकरण की भूमि, **दक्षिण:** प्लॉट नंबर 19			₹ 25.50 Lacs	₹ 2.55 Lacs

क्रेता के द्वारा स्टाम्प शुल्क, बिक्री प्रमाण पत्र शुल्क, पंजीकरण शुल्क, टी.डी.एस. सरकार को देय सभी वैधानिक बकाया, कर और दरों और संपत्तियों से संबंधित कोई अन्य खर्च, मौजूदा और भविष्य, दोनों के लिए देय होगा। बिक्री प्रमाण पत्र केवल सफल बोलीदाता के नाम से ही जारी किया जाएगा।

ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाईट **https://baanknet.com** बोलीकर्ता **https://baanknet.com**, नियम व शर्तो की अधिक जानकारी हेतु शैक्षणिक वीडियो के साथ देख सकते है। बोलीकर्ता को पूर्व में ही बोली पंजीयन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करना अनिवार्य है। नीलामी से संबंधित सभी जानकारी ई-नीलामी दिनांक से पहले ही प्राप्त कर लेने की सभी जवाबदारी बोलीकर्ता की रहेगी।
ए. सफल बोलीकर्ता को घोषणा के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) जमा करना होगा।
बी. नीलामी- बिक्री की कार्यवाही में बैंकिंग लेनदेन का समय समाप्त होने के पश्चात, खरीद मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) अगले कार्य दिवस तक जमा कराना होगा।
सी. बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान बिक्री की दिनांक से 15 वें (पंद्रहवें) दिन के भीतर जमा किया जाना होगा।
डी. उपर उल्लिखित अवधि के भीतर भुगतान न करने पर, जमा और बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेच दिया जाएगा।
इ. सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी की आयकर अधिनियम की धारा **194-IA** के तहत लागू 1% की दर से टीडीएस जमा करना होगा, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रु. 50 लाख या अधिक है। टीडीएस को फार्म **26QB** आनलाईन भरकर जमा कराना होगा और टीडीएस सर्टिफिकेट फार्म **16B** में जारी करना होगा। खरीदार को सरकारी खाते मे आयकर जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
एफ. बोली केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत की जाएगी।
जी. प्राधिकृत अधिकारी का उक्त ई-नीलामी को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।
एच. आरक्षित मूल्य से कम से कम एक वृद्धि राशि जोडने पर ही बोली स्वीकार होगी।

दिनांक : 20.02.2026, स्थान: इन्दौर
प्राधिकृत अधिकारी: बैंक ऑफ इंडिया